# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाव की सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे। मंत्रोच्चापर के बीच उन्होंने त्रिवेणी संगम में आस्थात की डुबकी लगाई। इसके बाद गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी घाट पर पूजा–अर्चना की। अब तक 39 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री रिजिजू ने सभी श्रद्धालुओं से मेला प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया ।

**********

प्रयागराज महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे की तरफ से विशेष ट्रेनों के अलावा कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक रिपोर्ट–

***भारतीय रेल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मे आई हेल्प यू बूथ समेत अन्य यात्री सुविधाओं की श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की जा रही है। यात्रियों को प्रयागराज जंक्शन पर स्थापित चिकित्सा बूथ पर चौबीस घंटे निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। रेल कर्मयोगी बुजुर्ग यात्रियों की देखभाल कर उनकी यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुखमय बना रहे हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में रेलवे के द्वारा मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था भी यात्रियों के लिए काफी मददगार साबित हुई है। रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर निरंतर महाकुंभ विशेष रेलगाड़ियों के विवरण के साथ साथ इन सुविधाओं की जानकारी और श्रद्धालुओं का वीडियो फीडबैक भी साझा किया जा रहा है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक***

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समय समय पर इन सुविधाओं की निगरानी और समीक्षा कर रहे हैं।

**********

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव अबसे थोड़ी देर पहले सम्पन्न हो गया । मतों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी। इस सीट से कुल दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अंतिम समाचार मिलने तक शाम पांच बजे तक पैंसठ दशमलव दौ पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***बसंती मौसम के कारण सुबह मतदान केंद्रों पर लंबी–लंबी लाइन तो नहीं लगी,किंतु दिन व्यतीत हुआ मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता गया । सुरक्षा बलों की मुस्तैदी और प्रशासनिक सक्रियता ने शांतिपूर्ण मतदान में सक्रिय भूमिका निभाई,कहीं कहीं अतिशय वृद्ध को परिवार के लोग कंधे पर ले जाते दिखे,तो कहीं युवकों की टोली हंसते,गाते,झूमते,मतदान करने पहुंची,तो महिलाओं का झुंड कहीं–कहीं क्षेत्रीय गान गाते पहुंची,कुल मिलाकर यह सब कुछ लोकतंत्र के उत्सव के रंग को चटख कर रहा था तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

मतगणना होने तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने के प्रबंध किये गये हैं।

**********

संत रविदास जयंती पर बारह फरवरी को वाराणसी जिले के सीर गोवर्धन क्षेत्र में संत रविदास मंदिर पर श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है। वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा ने आज इस क्षेत्र का दौरा कर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को पूरे परिसर और मंदिर के आसपास विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई, पथ प्रकाश, मोबाइल शौचालय और पेयजल आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

**********

चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के जंसो की मड़ई के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या उन्नीस पर आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में करीब दर्जनभर लोग घायल हो गये, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बिहार राज्य के पटना से प्रयागराज महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं की खड़ी ट्रैवेलर गाड़ी को पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज से लेकर कल तक बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलेंगी। मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि आगामी ग्यारह फरवरी तक मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग के मुताबिक इस समयावधि में सात फरवरी के बाद देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं धुंध या हल्के कोहरे का भी प्रभाव बना रहेगा।

**********